RAJASTHAN TECHNICAL UNIVERSITY, KOTA
राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय,कोटा
Phone: +91-744-2473014-16 Fax: +91-744- 2473931

No. F(27)/RTU/COE/Exam/Sec/2020/ 685-690 Date : 19/06/2020

समस्त प्राचार्य / निदेशक,
सम्बद्ध महाविद्यालय,
राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय
कोटा

विषय :–सत्र 2020–21 में पूर्ववर्ती प्रवेशित छात्रों को अस्थायी प्रोन्नत (Provisional Promotion) कर विषम सेमेस्टर की कक्षायें प्रारम्भ करने बाबत ।

संदर्भ :–शासन सचिव त.शि. पत्र कमांक एफ08(110)/ त.शि. / 2010 दिनांक 04.06.2010 व विश्वविद्यालय पत्र कमाक F(27)/RTU/Exam. Cond./COE/2020/460 दिनांक 17.06.2020

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत व संदर्भित पत्रों के क्रम में लेख है कि अन्तिम वर्ष के छात्रों की सैद्धान्तिक परीक्षाओं का आयोजन माह जुलाई 2020 के मध्य से कराया जाना सुनिश्चत किया गया है। विश्वविद्यालय संचालित पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् पूववर्ती वर्षो के प्रवेशित छात्रों की परीक्षाओं के सम्बन्ध में राज्य सरकार व विश्वविद्यालय अकादमिक परिषद् के निर्णयानुसार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थीयों को पूर्णतया प्रोविजनल रूप से आगामी वर्ष के विषम सेमेस्टर की कक्षा में अस्थायी प्रोन्नत (Provisional Promotion) कर दिया जावें। ऐसे समस्त विद्यार्थीयों की सम सेमेस्टर (द्वितीय, चतुर्थ व षष्ठम) परीक्षायें कोविड–19 महामारी के संदर्भ में परिस्थितियॉ अनुकूल होने पर करवाई जावेंगी।

सत्र 2020–21 के विषम सेमेस्टर का अकादमिक कैलेण्डर विश्वविद्यालय अकादमिक विभाग द्वारा पृथक से जारी किया जा रहा है, जिसके अनुक्रम में निर्धारित तिथि से यथानुसार कक्षायें प्रारम्भ की जाकर शिक्षण कार्य करवाया जावेगा।

बी.टेक. पाठ्यक्रम में द्वितीय सेमेस्टर पश्चात् की जाने वाली ब्रांच परिवर्तन के दिशानिर्देश परीक्षा विभाग द्वारा पृथक से जारी किया जा रहा है।

कृपया समयबद्ध प्रक्रिया को दृष्टिगत रखते हुए उपरोक्तानुसार पालना सुनिश्चित करें तथा महाविद्यालय स्तर पर पूर्ववर्ती प्रवेशित छात्रों को आगामी विषम सेमेस्टर कक्षा में अस्थायी प्रोन्नत कर अकादमिक कैलेण्डर व अकादमिक विभाग के निर्देशानुसार उचित मोड में अध्यापन कार्य प्रारम्भ करें। समस्त प्रक्रिया में राज्य सरकार द्वारा कोविड–19 महामारी के सम्बन्ध में दिये गये दिशानिर्देशों की पूर्ण पालना सुनिश्चित करें।

(प्रो0 धीरेन्द्र माथुर)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1 निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय
2 कुलसचिव
3 अधिष्ठाता –अभियान्त्रिकी संकाय
4 अधिष्ठाता –अकादमिक मामलात्

(डॉ0 नीरज जैन)
उपकुलसचिव (परीक्षा)